बृज में हो रही जय जयकार नंद के लाला जायो है लिरिक्स

बृज में हो रही जय जयकार,
नंद के लाला जायो है,
लाला जायो है,
नंद के लाला जायो है,
बृज में हों जय जयकार,
नंद के लाला जायो है।bd।

बृज चौरासी कोस में भैया,
सबही कहे धन्य यशोदा मैया,
अस्सी साल आयु में सुत,
ऐसो जायो है,
बृज में हों जय जयकार,
नंद के लाला जायो है।bd।

शिव ब्रह्मा सनकादिक आये,
सब ऋषिवर को संग में लाये,
देवऋषि सब मिलके ऐसो,
मंगल गायो है,
बृज में हों जय जयकार,
नंद के लाला जायो है।bd।

नंद यशोदा के भाग्य बढ़ाई,
सब ही लेने लगे बधाई,
ऐसो सुंदर सुत तो काहु,
और न जायो है,
बृज में हों जय जयकार,
नंद के लाला जायो है।bd।

बृज में हो रही जय जयकार,
नंद के लाला जायो है,
लाला जायो है,
नंद के लाला जायो है,
बृज में हों जय जयकार,
नंद के लाला जायो है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com